
समाचार वाणी
ख़बर जो करें असर !

नाशिक | Thursday, 24 September 2026

# पाकिस्तान के डिफेसं सिस्टम तबाह करने के बाद बोले राजनाथ सिंह- Indian Army की जय जय।

Publisher                                                                 Published on 08 May 2025



## राजनाथ सिंह ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर की सफलता सराहनीय है. कोई भी निर्दोष नहीं मारा गया है. कारवाई मे बंहुत सारे आतंकवादी मारे गए.

पाकिस्तान के एयर डिफेंस मिसाइल सिस्टम HQ-9 तबाह हो गए हैं. रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने गुरुवार (8 मई, 2025) को कहा कि ऑपरेशन सिंदूर अब भी जारी है और भारतीय सेना अकल्पनीय काम किया है, जिसके लिए उन्हें हृदय से बधाई. उन्होंने सेना की तारीफ की और कहा, 'भारतीय सेना ने शौर्य का परिचय दिया. पीओके में आतंकी कैंप तबाह कर दिए गए. भारतीय सेना को हृदय से बधाई.'

राजनाथ सिंह ने दिल्ली में डीआरडीओ भवन में नेशनल क्वालिटी कॉन्क्लेव 2025 को संबोधित करते हुए ये यह बात कही. उन्होंने कहा, 'सेना ने जो शौर्य और पराक्रम दिखाया है उसके लिए बधाई. पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर और पाकिस्तान में सेना ने आंतकी ठिकाने तबाह किए. ऑपरेशन सिंदूर की सफलता सराहनीय है. कोई भी निर्दोष नहीं मारा गया है. कारवाई में बहुत सारे आतंकवादी मारे गए.'

राजनाथ सिंह ने कहा कि हमारी सहनशीलता का कोई नाजायज फायदा नहीं उठाए नहीं तो कल जैसा ही प्रहार होगा. रक्षा मंत्री ने कहा कि पाकिस्तान और PoK में हमारे सुरक्षा बलों ने जो किया है, वह हमारे लिए गौरव का विषय है. उन्होंने कहा, 'क्वालिटी की भूमिका का नमूना हमने कल देखा. जिस सटीकता के साथ #OperationSindoor किया गया वह अकल्पनीय और सराहनीय है. इसमें काफी संख्या में आतंकी मारे गए.'

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/Publisher, to which effect,

publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.